wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-76 | सागवाड़ा, रविवार, 14 नवम्बर, 2021 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## बिरसा मुंडा जयंती 15 को, जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी



**सागवाड़ा।** भगवान बिरसा मुंडा जयंती को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस 15 नवंबर घोषित किया है।

सागवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में वनवासी कल्याण परिषद सागवाड़ा की ओर से 15 नवंबर को सुबह 11 बजे विशाल कार्यक्रम होगा। 11 बजे माधव परिसर विधा निकेतन आसपुर रोड पर अपने अपने वाहनों के साथ एकत्रित होकर विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से निकल कर महिपाल स्कूल के खेल मैदान पहुंचेगी। जहां पारम्परिक गैर नृत्य, भजन कीर्तन और सार्वजनिक सभा का आयोजन किया जायेगा।

# महिला ने पति से हुई कहासुनी के बाद विषाक्त पदार्थ की मौत



**डूंगरपुर।** जिले के दोवडा थाना क्षेत्र के पातली गांव में एक महिला ने पति से हुई कहासुनी के बाद विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पातली निवासी 26 वर्षीय शारदा का अपने पति शिवलाल परमार से कल घर के काम को लेकर कहासुनी हुई थी। कल रात को परिवार के साथ खाना खाकर शारदा सोई थी। रात करीब 2 बजे जब शिवलाल की आँख खुली तो शारदा कमरे में नहीं थी जिस पर शिवलाल ने कमरे से बाहर आकर देखा तो आंगन में शारदा गिरी हुई थी। जिस पर शिवलाल ने अपने अन्य परिवार वालो को उठाया और देखा की विषाक्त पदार्थ के सेवन से शारदा की मौत हो चुकी है। सुबह परिजनों ने मामले की जानकारी दोवडा थाना पुलिस को दी सुचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेते हुए शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वही पीहर पक्ष को भी मामले की जानकारी दी। इधर शारदा की मौत के बाद उसके एक लड़की व दो लडको से सिर से माँ का साया उठ गया है। फिलहाल पुलिस पुरे मामले की जांच कर रही है।

## अवैध शराब पर बड़ी कार्रवाई

# 12 लाख की अंग्रेजी शराब से भरा एक ट्रक पकड़ा



**डूंगरपु।** जिले के बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने रविवार को अवैध शराब बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने 12 लाख रुपये की अंग्रेजी शराब से भरा एक ट्रक पकड़ा है। वही शराब तस्करी के आरोप में चालक को गिरफ्तार कर लिया है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी की ओर से जिले में अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। बिछीवाड़ा थानाधिकारी रणजीतसिंह ने बताया कि आज रविवार को मुखबीर के जरिये सूचना मिली कि शराब से भरे ट्रक की गुजरात तस्करी हो रही है। इस पर बिछीवाड़ा पुलिस ने राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर नाकाबंदी कर दी और वाहनों की तलाशी ली गई। इस दौरान मुखबीर के बताएं अनुसार एक ट्रक आते हुए नजर आया, जिसे रुकवाकर तालाशी ली तो ट्रक में लकड़ी बुरादे की आड़ में अवैध अंग्रेजी शराब की पेटिया भरी हुई थी। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया, जिसमे से 250 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की है, जिसकी बाजार कीमत करीब 12 लाख रुपये बताई जा रही है। वही शराब तस्करी करते ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। शराब को तस्करी कर गुजरात ले जा रहे थे।

## देश के लोकतांत्रिक इतिहास में पहली बार राजस्थान विधानसभा में बाल सत्र का आयोजन







# डॉ.सी.पी. जोशी ने रचा इतिहास : गहलोत



**जयपुर।** देश के लोकतांत्रिक इतिहास में पहली बार राजस्थान विधानसभा में बाल सत्र का आयोजन किया गया, जहां बच्चों ने ही विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और मंत्री बनकर सत्र चलाया और सदस्य बने बच्चों के प्रश्नों का जवाब दिया। बाल दिवस के अवसर पर राजस्थान विधानसभा में यह ऐतिहासिक सत्र आयोजित किया गया जिसके प्रत्यक्ष साक्षी बने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, विधानसभाध्यक्ष डॉ. सी. पी. जोशी, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, मंत्रिगण और विधायक। विधानसभा के इस अनूठे सत्र में शून्यकाल और प्रश्नकाल का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि राजस्थान विधानसभा में बालसत्र का आयोजन अविस्मरणीय रहेगा। देश की भावी पीढ़ी ने जिस सुव्यवस्थित तरीके और अनुशासन के साथ सत्र का संचालन किया है, उससे देश के नौजवानों को भी संदेश मिलेगा कि लोकतंत्र में उनकी क्या भूमिका हो सकती है। उन्होंने कहा कि मतदाता केवल वोट की ताकत ही नहीं रखता, उसकी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में भी सक्रिय भागीदारी होनी चाहिये। इससे सरकार जवाबदेह होगी और शासन में पारदर्शिता आयेगी। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि संसद और विधानसभा में कानून बनाते समय चर्चाओं के दौर कम होना चिंता का विषय है। कोई भी कानून बनाते समय उस पर चर्चा होनी जरूरी है क्योंकि उससे ही निष्कर्ष निकलते हैं। इसमें जनता की भागीदारी भी आवश्यक है, क्योंकि कानून उनके लिए ही होते हैं। उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में जनता की भागीदारी के लिए देश में किये जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संविधान में कर्तव्यों और अधिकारों का अद्भुत मिश्रण है। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों के साथ ज्यादा से ज्यादा वक्त गुजारें और उनके टेलेन्ट को पहचानें। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे उन्हें संसद की कार्यवाही भी दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि यह एक अद्भुत नवाचार है, जो अन्य राज्यों में भी होना चाहिये। उन्होंने बच्चों की तारीफ करते हुए कहा कि बच्चे जिस तरह बिना कागज देखे पूरे आत्मविश्वास और गंभीरता से मुद्दों पर सवाल-जवाब कर रहे थे, ऐसा तो असल में भी देखने को कम ही मिल पाता है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि संसदीय लोकतंत्र की परंपरा से ही हमारा देश हर मापदंड पर दुनिया के विकसित देशों के बीच खड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि इस बाल सत्र से हमें पता चला है कि अगले 25 सालों में हमारे सामने कौन से प्रश्न और चुनौतियां खड़ी होंगी, जिनके उत्तर हमें देने होंगे। उन्होंने कहा कि इन बच्चों के सवालों से हमें पता चलेगा कि भविष्य में हमारी नीतियां क्या होंगी और उनमें क्या परिवर्तन होगा। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा के तत्वावधान में 75 वें आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर विधानसभा में बाल सत्र का संचालन किया गया। ऐसा सत्र देश में पहली बार हुआ है। उन्होंने कहा कि यह बाल सत्र संसदीय लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करेगा और लोकतंत्र को लेकर बच्चों के मन की जिज्ञासाओं को भी हम सब भी समझ सकेंगे। डॉ. जोशी ने कहा कि भावी पीढ़ी को सदन चलाने, प्रश्न पूछने और अनुशासन के साथ अपनी बात रखने का मौका दिया गया है।

# सीएम गहलोत की पोती विधानसभा विधायक बनकर पहुंची

## बाल सत्र में मंत्रियों वाली सीट पर बैठी, विधायक-मंत्री बनकर पहुंचे 200 बच्चे



**जयपुर।** विधानसभा के इतिहास में रविवार को पहली बार बाल सत्र हो रहा है। देश-प्रदेश से 200 बच्चे विधायक और मंत्रियों की भूमिका में विधानसभा पहुंचे हैं। बच्चों को मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, मंत्री और विधायक की भूमिका दी गई है। सदन में बच्चों के बैठने की व्यवस्था भी उसी हिसाब से की गई है। इस दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पोती काश्विनी ने सभी का ध्यान खींचा। वे भी विधायक के तौर पर विधानसभा में शामिल हुईं। काश्विनी को आगे मंत्रियों वाली सीटों पर जगह दी गई थी। उसने स्कूली बच्चों को वन्य जीवन और पर्यावरण से परिचित करवाने के लिए जंगल के टूर पर ले जाने का सुझाव दिया। काश्विनी ने कहा कि स्कूली बच्चों को जंगली जानवरों और पर्यावरण की जानकारी देने के लिए स्कूलों की तरफ से टूर आयोजित करवाने चाहिए। जंगलों के आसपास रहने वालों को जंगली जानवरों और खासकर बाघ संरक्षण के लिए जागरूक करें। वाइल्ड लाइफ को स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाना चाहिए। जंगलों के आसपास रहने वालों का जीवन बहुत कठिन होता है। इन दुर्गम इलाकों के बारे में स्कूली बच्चों को परिचित करवाना चाहिए। बाल सत्र के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सवाल उठाने से सरकारें जवाबदेह होंगी और शासन में पारदर्शिता आएगी।

## गहलोत ने दिए वैट कम करने के संकेत, 16 को कैबिनेट की बैठक में फैसला !

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में पेट्रोल-डीजल पर से वैट कम करने के संकेत दिए है। गहलोत ने 16 नवंबर को कैबिनेट और मंत्रिपरिषद की बैठक बुलाई है। इस बैठक में पेट्रोल-डीजल की कीमत को कम करने पर विचार विमर्श किया जाएगा। माना जा रहा हैं कि कैबिनेट की बैठक में कुछ हद तक वैट घटाने का फैसला किया जा सकता है। सीएम गहलोत ने पीसीसी में मीडिया से बातचीत में कहा कि हम परसों कैबिनेट और मंत्रिपरिषद में बैठकर विचार-विमर्श करेंगे। जो भी संभव हो सकेगा उस बारे में फैसला करेंगे। कांग्रेस की ओर से आज जयपुर में जनजागरण अभियान की शुरूआत कर पैदल मार्च किया गया था। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रेस से कहा कि अलग-अलग राज्यों ने अलग-अलग वैट के रेट्स में कमी करके दाम घटाएं हैं।

## मुख्यमंत्री ने प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू को श्रद्धासुमन अर्पित किए




**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को राम निवास बाग स्थित पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित किए। गहलोत प्रात: यहां पहुंचे और पंडित नेहरू के जन्म दिवस पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पौधारोपण भी किया और आधुनिक भारत के निर्माण तथा देश में संसदीय लोकतंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में स्वर्गीय नेहरू के योगदान को याद किया। इस अवसर पर कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. बीडी कल्ला, परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, मुख्य सचेतक महेश जोशी, शिक्षा राज्यमंत्री गोविन्द सिंह डोटासरा, उप मुख्य सचेतक महेन्द्र चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों तथा आम नागरिकों ने भी देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. नेहरू की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की।

# जमीन विवाद को लेकर दोनों पक्षों ने दिया परिवाद

## भूमि विवाद को लेकर कांग्रेस के पदाधिकारी आमने सामने

**सागवाड़ा।**

जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ पुलिस थाने में परिवाद दिया है। पुलिस निरीक्षक सुरेंद्र सिंह सोलंकी के अनुसार डूंगरपुर निवासी भूपेश पुत्र पूनमचंद लबाना, सागवाड़ा निवासी कुलदीप पुत्र राजमल गांधी तथा पवन कुमार पुत्र धनराज गोवाड़िया ने दी रिपोर्ट में बताया कि उनकी सागवाड़ा में जमीन है। भूपेश की जमीन पड़ोस में है। तथा प्रार्थीगण सागवाडा स्थित जमीन के पड़ोसी है।

विभिन्न खसरों की आबादी संपरिवर्तन की कार्रवाई खातेदारों की और से भूमि नगरपालिका में सरेण्डर कर की गई तथा नगरपालिका कीऔर से उक्त भूमि का पट्टा भूपेश तथा पिता पूनचमद के नाम संयुक्त रूप से जारी किया है। उक्त भूमि के संपरिवर्तन की कार्रवाई कुलदीप गांधी ने करवाई है। कुलदीप गांधी व उसके परिवार के सदस्यों के नाम नगरपालिका ने पट्टा जारी किया है तथा उक्त भूमि पर काबिज है। एक अन्य खसरा नम्बर पर पवन कुमार ने सक्रिय रूप से भाग लेकर कार्रवाई करवाई तथा पवन व उसके परिवार के सदस्यों के नाम पट्टे जारी किये। तीनों की भूमि पास में है तथा भूमि को संपरिवर्तन की समस्त कार्रवाई सक्रिय रूप से भाग लेकर करवाई है। भूमि के समतलीकरण का कार्य पूर्ण होने के बाद अपनी अपनी भूमि में रोड एवं प्लाट काटकर डवलप कार्य किया जा रहा है। स्वार्थ वश नगर कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष नरेश पाठक नगर की बेशकिमती भूमि पर नाजायज तरीके से काबिज होना चाहता है तथा असामाजिक तत्वों से साठगाठ कर मोके पर भेजता है तथा असामाजिक तत्व के मजदुरों एवं डम्पर के डाईवरों व विवाद पैदा कर पत्थर फेंकते हैं। जान से मारने, अनुसूचित जनजाति के मामले व अन्य अनराधिक प्रकरणों में फसाने की धमकी दी है। वहीं दूसरी तरफ सागवाड़ा निवासी अखिल पुत्र नरेश पाठक ने दी रिपोर्ट मैं बताया कि रविवार शाम साढ़े तीन बजे पुनर्वास कॉलोनी के मेन रोड के पीछे स्थित प्लॉट पर कार्य से गया था। वहां कुलदीप पुत्र राजमल गांधी, पवन पुत्र धनराज गोवड़िया तथा भूपेश पुत्र पूनमचंद लबाना तीनों हमराय होकर गाली गलौज की। कुलदीप ने अनाधिकृत रूप रोकते हुए मारपीट की।

चिल्लाने पर बंटी व राजू भाई कलाल मौके पर पहुंच गए तथा बीच बचाव किया। पुलिस ने दोनों पक्षों के परिवाद लेकर जांच एसआई देवेंद्र सिंह को दी है।

# प्रतियोगी परीक्षाओं में नेटबंदी का मुद्दा सदन में गूंजा, विपक्ष का वॉकआउट

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में रविवार को हुए बाल सत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं में नेटबंदी के मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ। पक्ष विपक्ष के सदस्यों के बीच जमकर नोकझोंक हुई आसन को भी इस पर हस्तक्षेप करना पड़ा। दरअसल शून्यकाल में बाल सत्र के दौरान विपक्ष ने प्रतियोगी परीक्षाओं में नेटबंदी का मामला उठाया और इससे आमजन को होने वाले परेशानियों से बचने के लिए कोई दूसरा हल निकालने की बात कही, जिस पर सत्ता पक्ष की ओर से स्पष्ट जवाब नहीं मिलने पर विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया। इस दौरान विपक्ष की ओर से प्रतियोगी परीक्षाओं में भाई भतीजावाद के आरोप भी लगाए गए जिस पर भी खूब हंगामा हुआ, सत्ता पक्ष की ओर से स्पष्ट जवाब न मिलने पर विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

इससे पहले बाल सत्र में एक एक सवाल का स्पष्ट जवाब नहीं मिलने पर विपक्ष के सदस्यों ने वेल में भी आकर नारेबाजी और जमकर हंगामा किया। हालांकि आसन की ओर से उन्हें वापस उनकी सीट पर भेजा गया।

# कांग्रेस ने पदयात्रा निकालकर केंद्र पर साधा निशाना

**डूंगरपुर।** जिले में कांग्रेस पार्टी की ओर से आज स्व. पंडित जवाहरलाल नेहरु की जयंती पर केंद्र सरकार की देश, किसान व संविधान विरोधी नीतियों के खिलाफ जिलेभर में पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा के माध्यम से कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जनजागरण किया गया। जिला मुख्यालय पर डूंगरपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेस कार्यालय से पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा कांग्रेस कार्यालय से रवाना होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होकर तहसील चौराहे पर पहुंची। पदयात्रा में यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा, पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा सहित नया कांग्रेसी नेताओं ने शामिल हुए। इधर पदयात्रा के माध्यम से कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार की देश, किसान व संविधान विरोधी नीतियों के खिलाफ जन जागरण किया और केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। तहसील चौराहे पर यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा ने केंद्र सरकार पर देश, किसान व संविधान विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर हमला बोला।

